विषय सूची

खंड I	
बाह्य वाणिज्यिक उधार	
I.(अ)	**स्वत: अनुमोदित मार्ग**
i)	**पात्र उधारकर्ता**
ii)	**मान्यताप्राप्त उधारदाता**
iii)	**राशि और परिपक्वता**
iv)	**समग्र लागत सीमा**
v)	**अंतिम उपयोग**
vi)	**अंतिम उपयोग अनुमत नहीं**
vii)	**गारंटी**
viii)	**जमानत**
ix)	**बाह्य वाणिज्यिक उधार को विदेशों में रखना**
x)	**समयपूर्व भुगतान**
xi)	**वर्तमान बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण**
xii)	**ऋण चुकौती**
xiii)	**प्रक्रिया**
I (आ)	**अनुमोदन मार्ग**
i)	**पात्र उधारकर्ता**
ii)	**मान्यताप्राप्त उधारदाता**
iii)	**राशि और परिपक्वता**
iv)	**समग्र लागत सीमा**
v)	**अंतिम उपयोग**
vi)	**अंतिम उपयोग अनुमत नहीं**
vii)	**गारंटी**
viii)	**ज़मानत**
ix)	**बाह्य वाणिज्यिक उधार को विदेशों में रखना**
x)	**समयपूर्व भुगतान**
xi)	**वर्तमान बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण**
xii)	**ऋण चुकौती**
xiii)	**प्रक्रिया**
xiv)	**अधिकार प्रदत्त समिति**
II	**रिपोर्ट करने की व्यवस्था और जानकारी का प्रसार**
i)	**रिपोर्ट करने की व्यवस्था**
ii)	**जानकारी का प्रसार**

III.	संरचनात्मक दायित्व
IV.	बाह्य वाणिज्यिक उधार के मार्गदर्शी सिद्धांत
V.	बाह्य वाणिज्यिक उधार का ईक्विटी में परिवर्तन
VI.	बाह्य वाणिज्यिक उधार को निश्चित रूप देना
VII.	पूर्ववर्ती 5 मिलियन अमरीकी डॉलर योजना के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार

भाग-II

भारत में आयात के लिए व्यापारिक उधार

(क) राशि और परिपक्वता अवधि

(ख) समग्र लागत सीमा

(ग) गारंटी

(घ) रिपोर्टिंग व्यवस्था- फार्म ईसीबी

संलग्नक II

फार्म 83

संलग्नक III

ईसीबी-2

संलग्नक IV

फार्म - टीसी

संलग्नक V

प्राधिकृत व्यापारी द्वारा जारी गारंटी/ वचनपत्र/ लेटर ऑफ कंफर्ट के ब्योरे

परिशिष्ट

भाग-I

बाह्य वाणिज्यिक उधार

(अ) बाह्य वाणिज्यिक उधार का संबंध अनिवासी उधारकर्ताओं से तीन वर्ष की न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधिवाले वाणिज्यिक ऋणों [बैंक ऋण, क्रेता ऋण, आपूर्तिकर्ता ऋण, जांची गई लिखतों के रूप में(अर्थात् अस्थिर दरवाले नोटों और निर्धारित दर वाले बांड्स)] से है।

(आ) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड का तात्पर्य वह बांड है जो किसी भारतीय कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा में जारी किया जाता है और जिसका मूल और ब्याज विदेशी मुद्रा में देय है। इसके अलावा बांड को योजना अर्थात "विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड और सामान्य शेयरों की निर्गम (जमा रसीद व्यवस्था के माध्यम से) योजना , 1993" के अनुसार जारी किया जाना चाहिए और विदेशी मुद्रा में अनिवासी द्वारा अभिदत्त तथा ऋण लिखतों से संबद्ध इक्विटी संबंधित वारंट के आधार पर पूर्णत: अथवा अंशत: किसी भी प्रकार से, जारीकर्ता कंपनी के सामान्य शेयरों में परिवर्तनीय होने चाहिए।विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड के निर्गम को समय-समय पर संशोधित जुलाई 7, 2004 की अधिसूचना फेमा सं. 120/आर बी-2004 के प्रावधानों का अनुपालन करना आवश्यक है।

(इ) बाह्य वाणिज्यिक उधार को दो मार्गों, नामत: (i) पैरा I(अ) में दिया गया स्वत: अनुमोदित मार्ग और (ii) पैरा I (आ) में दिया गया अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत प्राप्त किया जा सकता है।

(ई) संपदा क्षेत्र-औद्योगिक क्षेत्र विशेषकर भारत में संरचनात्मक क्षेत्र मेंनिवेश हेतु बाह्य वाणिज्यिक उधार स्वत: अनुमोदित मार्ग के अंतर्गत आते हैं अथार्त् भारतीय रिजर्व बैंक /सरकार के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है ।स्वत: अनुमोदित मार्ग के तक पहुंच की पात्रता के संबंध में संदेह के मामले में आवेदक अनुमोदन मार्ग का सहारा ले सकते हैं ।

I (अ) - स्वत: अनुमोदित मार्ग

(i) पात्र उधारकर्ता

(क) कंपनियां (वित्तीय मध्यस्थों के सिवाय, कंपनी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कंपनियां (जैसे बैंक ,वित्तीय संस्थाएं (एफआइ), आवास वित्त कंपनियां और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) बाह्य वाणिज्यिक उधार उगाहने के लिए पात्र हैं । व्यक्ति, ट्रस्ट और लाभ न कमानेवाले संगठन बाह्य वाणिज्यिक उधार उगाहने के पात्र नहीं हैं।

(ख)विशेष आर्थिक अंचल की इकाइयों को अपनी आवश्यकता के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार उगाहने की अनुमति है। फिर भी, सहयोगी संस्थाओं को अथवा घरेलू टैरिफ एरिया में किसी इकाई को बाह्य वाणिज्यिक उधार निधियों के अंतरण की अनुमति नहीं है।

(ii) मान्यता पात्र उधारदाता

(क) उधारकर्ता अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त स्रोतों, जैसे (i) अंतरराष्ट्रीय बैंक, (ii) अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाज़ार, (iii) बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं (जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्त कंपनी, एशियाई विकास बैंक, सीडीसी, आदि), (iv) निर्यात ऋण एजेंसियों और (v) उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं, (vi) विदेशी सहयोगियों और (vii) विदेशी ईक्विटी धारकों से बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही कर सकते हैं। स्वत: अनुमोदित मार्ग के तहत "मान्यता प्राप्त उधारदाता" के रूप में पात्र होने के लिए एक "विदेशी ईक्विटी धारक" को नीचे निर्धारित किए गए अनुसार उधारकर्ता कंपनी में ईक्विटी की न्यूनतम धारिता की जरूरत होगी :

(i) 5 मिलियन अमरीकी डालर तक बाह्य वाणिज्यिक उधार के लिए - उधारदाता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से धारित 25 प्रतिशत की न्यूनतम ईक्विटी,

(ii) 5 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक के लिए - उधारदाता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से धारित 25 प्रतिशत की न्यूनतम ईक्विटी और ऋण ईक्विटी अनुपात 4:1 से अधिक न हो (अर्थात् प्रस्तावित बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रत्यक्ष विदेशी ईक्विटी धारिता के चार गुना से अधिक न हो)।

(iii) राशि और परिपक्वता

(क) एक वित्तीय वर्ष में बाह्य वाणिज्यिक उधार की अधिकतम राशि, जो एक कंपनी उगाह सकती है, वह 500 मिलियन अमरीकी डालर है अथवा उसके समतुल्य राशि है।

(ख) एक वित्तीय वर्ष में, 3 वर्ष की न्यूनतम औसत परिपक्वता वाले 20 मिलियन अमरीकी डॉलर अथवा उसके समतुल्य राशि के बाह्य वाणिज्यिक उधार

(ग) 5 वर्ष की न्यूनतम औसत परिपक्वता वाले 20 मिलियन अमरीकी

डॉलर से अधिक और 500 मिलियन अमरीकी डॉलर तक अथवा उसके समतुल्य राशि के बाह्य वाणिज्यिक उधार।

(घ) व्यष्टि वित्तपोषण कार्यकलाप करनेवाली गैर सरकारी संगठन एक वित्तीय वर्ष के दौरान 5 मिलियन अमरीकी डॉलर तक बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही कर सकती है। प्राधिकृत व्यापारी बैंक को यह सुनिश्चित करना है कि आहरण द्वारा कमी करने के समय उधारकर्ता का विदेशी मुद्रा जोखिम से बचाव किया जाता है ।

(ड.) 20 मिलियन अमरीकी डॉलर तक के बाह्य वाणिज्यिक उधार में क्रय/ विक्रय विकल्प सकते हैं बशर्ते क्रय/विक्रय विकल्प का उपयोग करने से पहले औसत 3 वर्ष की औसत न्यूनतम परिपक्वता अवधि का पालन किया जाता है।

(iv) समग्र लागत सीमा

इसमें वायदा फीस, समयपूर्व चुकौती फीस और भारतीय रुपये में देय फीस के सिवाय ब्याज दर,विदेशी मुद्रा में अन्य फीस और खर्चे शामिल हैं। इसके अलावा कर का भुगतान के लिए भारतीय रुपये में राशि रोक रखने को समग्र लागत की गणना में शामिल नहीं किया जाता है।

बाह्य वाणिज्यिक उधार की समग्र लागत सीमा की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

समीक्षा होने तक निम्नलिखित सीमाएं वैध हैं।

औसत परिपक्वता अवधि	छ : माह तक के लाइबोर* से ऊपर समग्र लागत सीमा
तीन वर्ष और पांच वर्ष तक	200 आधार बिंदु
पांच वर्ष से अधिक	350 आधार बिंदु

**उधार की अपनी-अपनी मुद्रा अथवा लागू बेंचमार्क के लिए*

(v) अंतिम उपयोग

(क) बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही भारत में केवल स्थावर संपत्ति क्षेत्र - औद्योगिक क्षेत्र जिसमें लघु और मध्यम दर्जे के उपक्रम शामिल हैं और संरचनात्मक क्षेत्र में निवेश के लिए [पूंजी माल का आयात (विदेशी व्यापार नीति में डीजीएफटी द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार) नयी परियोजनाओं का क्रियान्वयन, मौजूदा उत्पादन इकाइयों का आधुनिकीकरण/ विस्तार के लिए] की जा सकती है। संरचनात्मक क्षेत्र की परिभाषा इस प्रकार की गई है - (i) ऊर्जा, (ii) दूरसंचार, (iii) रेलवे, (iv) पुल समेत सड़क, (v) बंदरगाह और हवाई अड्डा, (vi) औद्योगिक पार्क और (vii) शहरी संरचना (जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं जलमल निकासीपरियोजना);

(ख) विदेश में संयुक्त उद्यम/ पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में भारतीय प्रत्यक्ष निवेश के संबंध में वर्तमान मार्गदर्शी सिद्धांतों के तहत बाह्य वाणिज्यिक उधारों का उपयोग संयुक्त उद्यम/ पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश के लिए किया जा सकता है।

(vi) अंतिम उपयोग की अनुमति नहीं

(क) भारतीय कंपनी द्वारा बाह्य वाणिज्यिक उधार प्राप्तियों का उपयोग आगे उधार देने अथवा पूंजी बाज़ार में निवेश अथवा किसी कंपनी (उसके किसी हिस्से का) के अधिग्रहण के लिए नहीं किया जा सकता है।

(ख)बाह्य वाणिज्यिक उधार प्राप्तियों का उपयोग स्थावर संपत्ति के लिए किया नहीं जा सकता है।

(ग) भारतीय कंपनी द्वारा बाह्य वाणिज्यिक उधार प्राप्तियों का उपयोग कार्यशील पूंजी, सामान्य कारपोरेट उद्देश्यों और वर्तमान रुपया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए नहीं किया जा सकता है।

(vii) गारंटी

बाह्य वाणिज्यिक उधार के संबंध में बैंक, वित्तीय संस्थाओं और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा गारंटी/ तत्काल साखपत्र,वचन पत्र अथवा लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने की अनुमति नहीं है।

(viii) ज़मानत

उधारदाता / आपूर्तिकर्ता को दी जाने वाली ज़मानत का विकल्प उधारकर्ता को ही चुनना है। परंतु समुद्रपारीय उधारदाता के पक्ष में अचल परिसंपत्तियों और शेयर जैसे वित्तीय प्रतिभूतियों पर प्रभार का सृजन, समय-समय पर यथासंशोधित क्रमशः मई 3, 2000 की अधिसूचना सं. फेमा.21/ आरबी-2000 के विनियम 8 और मई 3, 2000 की अधिसूचना सं. फेमा.20/आरबी-2000 के विनियम 3 के अधीन है।

(ix) बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय को विदेशों में रखना

बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय को भारत में वास्तविक आवश्यकता न होने तक विदेश में रखा जाएगा। विदेश में रखे गए बाह्य वाणिज्यिक उधार प्राप्तियों का निम्नलिखित चल परिसंपत्तियों में निवेश किया जा सकता है। (क) स्टैंडर्ड एण्ड पुअर/ फिच आइबीसीए द्वारा AA(-) अथवा मूडीज़ द्वारा Aa3 से अनधिक रेटेड, बैंक द्वारा प्रस्तावित जमाओं अथवा जमा प्रमाणपत्रों अथवा अन्य लिखत; (ख) भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी की समुद्रपारीय शाखा के पास जमा; और (ग) उपर्युक्त के अनुसार न्यूनतम रेटिंगवाले एक वर्ष की परिपक्वता अवधिवाले खज़ाना बिल और मौद्रिक लिखत।निधियं का निवेश इस प्रकार से किया जाये कि जब भी निवेशक को भारत में उनकी आवश्यकता हो तो उनसे नकदी प्राप्त की जा सके ।

(x) समयपूर्व भुगतान

प्राधिकृत व्यापारी बैंक 500 मिलियन अमरीकी डॉलर तक के बाह्य वाणिज्यिक उधार के समयपूर्व भुगतान की अनुमति भारतीय रिज़र्व बैंक के बगैर पूर्वानुमोदन

के दे सकते हैं बशर्ते ऋण पर यथालागू न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि का अनुपालन किया जाता है।

(xi) मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण

कम लागत पर नया ऋण उगाह कर मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार के पुनर्वित्त पोषण की अनुमति है बशर्ते नया बाह्य वाणिज्यिक उधार निम्न समग्र लागत पर उगाहा जाता है और मूल बाह्य वाणिज्यिक उधार की शेष परिपक्वता अवधि को बनाए रखा जाता है।

(xi) ऋण का भुगतान

सरकार/ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशानिर्देशों के अनुसार नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक को मूल धन, ब्याज तथा अन्य प्रभारों की किस्त भेजने की सामान्य अनुमति है।

(xii) प्रक्रिया

स्वत: अनुमोदित मार्ग के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार उगाहने के लिए उधारकर्ता भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन के बिना ही, मान्यता प्राप्त उधारकर्ता के साथ करार कर सकता है। बाह्य वाणिज्यिक उधार drawing down करने से पहले उधारकर्ता भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण पंजीकरण संख्या प्राप्त करे। ऋण पंजीकरण संख्या प्राप्त करने की प्रक्रिया पैरा II (i)(ख) में विस्तृत रूप से दी गई है।

I. (आ) अनुमोदन मार्ग

अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार के निम्नलिखित किस्म के प्रस्ताव शामिल होंगे।

i)पात्र उधारकर्ता

क) केवल संरचनात्मक अथवा निर्यात वित्त में कार्यरत वित्तीय संस्थाएं जैसे, आइडीएफसी, आइएल एण्ड एफएस, ऊर्जा वित्त निगम, पॉवर ट्रेडिंग कारपोरेशन, आइआरसीओएन, और एक्ज़िम बैंक पर मामला दर मामला आधार पर विचार किया जाएगा।

ख) सरकार के अनुमोदन के अनुसार टेक्स्टाइल अथवा स्टील क्षेत्र की पुनर्रचना पैकेज में सहभागी बैंक और वित्तीय संस्थाओं को भी पैकेज में उनके निवेश की सीमा तक और विवेकपूर्ण मानदंडों के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारण के अनुसार अनुमति दी जाती है। इस प्रयोजन के लिए अब तक लिया गया कोई भी बाह्य वाणिज्यिक उधार उनके हकदारी में से काट लिया जायेगा ।

ग) संरचनात्मक परियोजनाओं को पट्टे पर देने के लिए संरचनात्मक उपकरणों के आयात के वित्तपोषण हेतु बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं, ख्याति प्राप्त क्षेत्रीय वित्तीय संस्थाओं, आधिकारिक निर्यात ऋण एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय बैंकों से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा

5 वर्ष की न्यूनतम औसत परिपक्वता वाले बाह्य वाणिज्यिक उधार।

घ) निम्नलिखित न्यूनतम मानदंडों को पूरा करनेवाली आवास वित्त कंपनियों द्वारा विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड : (i) पिछले तीन वर्षों के दौरान वित्तीय बिचौलिए का न्यूनतम निवल मालियत 500 करोड़ रुपए से कम नहीं होना चाहिए, (ii) मुंबई शेयर बाज़ार अथवा राष्ट्रीय शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध हो, (iii) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड का न्यूनतम आकार 100 मिलियन अमरीकी डॉलर हो, (iv) आवेदक निधियों के उपयोग का प्रयोजन/ योजना प्रस्तुत करे।

ङ) *विशेष प्रयोजन के माध्यम अथवा विशेष रूप से संरचनात्मक कंपनियों /परियोजनाओं के वित्त पोषण हेतु संस्थापित भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिसूचित कोई अन्य संस्था वित्तीय मानी जायेगी और ऐसी संस्थाओं द्वारा बाह्य वाणिज्यिक उधार अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत माना जायेगा।*

च) निम्नलिखित मानदंड पूरा करनेवाली विनिर्माण कार्य में लगी बहुराज्य सहकारी समिति जो कि i) वित्तीय रूप से शोधक्षम हैं और ii) और अपना लेखापरीक्षित अद्यतन तुलनपत्र प्रस्तुत करनेवाली सहकारी समिति

छ) भारत में औद्योगिक और संरचनात्मक क्षेत्र में कार्यरत कारपोरेट्स को रुपया खर्चे के लिए अनुमत अंतिम उपयोग के लिए *बाह्य वाणिज्यिक उधार की* अनुमति है ।

ज) माइक्रो-फाइनेंस कार्यकलापों में लगे गैर सरकारी संस्थानों को रुपया खर्चे के लिए अनुमत अंतिम उपयोग के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार की अनुमति है ।ऐसे गैर सरकारी संस्थानों के लिए अपेक्षित है कि (i) वित्तीय विदेशी मुद्रा का कारोबार करने वाले अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के साथ पिछले तीन वर्षों के दौरान उधार-लेनदेन के संबंध संतोषजनक रहे हों । (ii) गैर सरकारी संस्थानों के लिए उधारकर्ता संस्था के बोर्ड/ प्रबंध समिति के उपयुक्त स्टेटस तथा यथोचित कर्मिष्ठता के संबंध में नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक द्वारा जारी किया गया फिट एंड सही प्रमाणपत्र देना अपेक्षित होगा ।

झ) सेवाओं के क्षेत्र जैसे कि होटल, हॉस्पिटल, तथा सॉफ्टवेयर कंपनियों में कार्यरत कारपोरेट्स को पूजीगत माल के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार की अनुमति है ।

ञ) पैराग्राफ I (अ)(iii) में उल्लिखित स्वतः अनुमोदित मार्ग सीमाओं और परिपक्वता अवधि के दायरे में न आने वाले मामले।

II)मान्यता प्राप्त उधारदाता	(क)	उधारकर्ता अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त स्रोतों जैसे (i) अंतरराष्ट्रीय बैंक, (ii) अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाज़ार, (iii) बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाएं (जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्त कंपनी, एशियाई विकास बैंक, सीडीसी, आदि), (iv) निर्यात ऋण एजेंसियां और (v) उपकरणों के आपूर्तिकर्ता, (vi)

		विदेशी सहयोगी और (vii)विदेशी ईक्विटी धारकों(पूर्ववर्ती विदेशी कंपनी निकायों से इतर) से बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं।
	(ख)	विदेशी ईक्विटी धारकों से जहाँ पर कि उधारदाता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से धारित 25 प्रतिशत की न्यूनतम ईक्विटी और ऋण ईक्विटी अनुपात 4:1 से अधिक न हो (अर्थात् प्रस्तावित बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रत्यक्ष विदेशी ईक्विटी धारिता के चार गुना से अधिक न हो)।
	(ग)	निम्नलिखित संरक्षा उपायों का पालन करने वाले समुद्रपारीय संगठन और व्यक्ति,माइक्रो-फाइनेंस कार्यकलापों में लगे गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को बाह्य वाणिज्यिक उधार दे सकते हैं ।
	(i)	बाह्य वाणिज्यिक उधार देने का प्रस्ताव रखे वाले समुद्रपारीय संगठनों को किसी समुद्रपारीय बैंक से प्राप्त यथोचित कर्मिष्ठता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जो मेजबान देश के विनियामक के विनियमों के अधीन है तथा प्राधिकृत व्यापारी बैंक के वित्तीय कार्रवाई दल के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करता है। यथोचित कर्मिष्ठता प्रमाणपत्र में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए । (i)यह कि बैंक में उधारदाता का कम से कम दो वर्ष से खाता है।(ii)उधार देने वाली कंपनी स्थानीय कानून के तहत गठित की गयी है तथा व्यापारी /स्थानीय समुदाय में उसका अच्छा सम्मान है।(iii)यह कि उन पर कोई आपराधिक मामला विचाराधीन नहीं है ।
	(ii)	व्यक्तिगत उधारदाता को किसी समुद्रपारीय बैंक से प्राप्त यथोचित कर्मिष्ठता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह दर्शाया जाये कि बैंक में उधारदाता का कम से कम दो वर्ष से खाता है। लेखा का परीक्षित विवरण और आयकर विवरणी जैसे अन्य साक्ष्यों/दस्तावेजों को समुद्रपारीय बैंक द्वारा अभिप्रमाणित करके प्रेषित करना जरूरी है ।ऐसे देशों के व्यक्तिगत उधारदाताओं को , जहाँ बैंकों द्वारा 'अपने ग्राहक को जानिए' दिशा-निर्देशों का अनुपालन जरूरी नहीं है , बाह्य वाणिज्यिक उधार देने की नहीं है ।
(iii) राशि और परिपक्वता अवधि	(क)	कारपोरेट एक वित्तीय वर्ष के दौरान स्वत: अनुमोदित मार्ग के तहत 500 मिलियन अमरीकी डालर की वर्तमान सीमा के अलावा अनुमोदन मार्ग के तहत 10 वर्ष से अधिक की औसत परिपक्वतावाली 250 मिलियन अमरीकी डालर की अतिरिक्त राशि का बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं। अंतिम उपयोग , समग्र लागत सीमा,मान्यताप्राप्त उधारदाता जैसे बाह्य वाणिज्यिक उधार के अन्य मानदंडों का अनुपालन करना आवश्यक है। फिर भी, ऐसे बाह्य वाणिज्यिक उधार के लिए पूर्व भुगतान क्रय/विक्रय विकल्प हेतु 10 वर्ष तक अनुमति नहीं होगी ।

<table>
<tr><td></td><td>ख)</td><td>औद्योगिक संरचनात्मक क्षेत्र में कार्यरत कारपोरेट्स [जैसा कि पैरा 1(क)(v)(क)] 100 मिलियन अमरीकी डॉलर तक और औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत कारपोरेट्स 50 मिलियन अमरीकी डॉलर तक के रुपया पूंजीगत व्यय के लिए अनुमत अंतिम उपयोग हेतु प्रति वित्तीय वर्ष स्वत: अनुमोदित मार्ग के तहत 500 मिलियन अमरीकी डालर की समग्र सीमा तक बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं।</td></tr>
<tr><td></td><td>ग)</td><td>माइक्रो-फाइनेंस कार्यकलापों में लगे गैर सरकारी संस्थाओं को वित्तीय वर्ष के दौरान 5 मिलियन अमरीकी डालर तक बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं।नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक को यह सुनिश्चित करना है कि आहरण द्वारा कमी करने के समय उधारकर्ता का विदेशी मुद्रा जोखिम से बचाव किया जाता है ।</td></tr>
<tr><td></td><td>झ)</td><td>सेवाओं के क्षेत्र जैसे कि होटल, हॉस्पिटल, तथा सॉफ्टवेयर कंपनियों में लगे कारपोरेट्स को पूजीगत माल के आयात के लिए प्रति उधारकर्ता, प्रति वित्तीय वर्ष 100 मिलियन अमरीकी डालर तक का बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं।</td></tr>
<tr><td>समग्र लागत सीमाएं</td><td></td><td>समग्र लागत सीमा में ब्याज दर, विदेशी मुद्रा में वायदा फीस के सिवाय और अन्य खर्चे ,समयपूर्व चुकौती फीस और भारतीय रुपए में देय फीस शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कर भुगतान के लिए भारतीय रुपये में राशि रोक रखने को समग्र लागत की गणना में शामिल नहीं किया जाता है।</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>बाह्य वाणिज्यिक उधार के लिए समग्र लागत सीमा समय-समय पर सूचित की जाएगी। निम्नलिखित सीमाएं समीक्षा तक वैध रहेंगी:</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2"><table>
<tr><th>न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि</th><th>छ मा तक के लाइबोर* से ऊपर समग्र लागू सीमा</th></tr>
<tr><td>तीन वर्ष और पांच वर्ष तक</td><td>200 आधार बिंदु</td></tr>
<tr><td>पांच वर्ष से अधिक</td><td>350 आधार बिंदु</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">उधार की अपनी- अपनी मुद्रा अथवा लागू बेंचमार्क के लिए</td></tr>
<tr><td>(iv) अंतिम उपयोग</td><td>(क)</td><td>बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही भारत में केवल स्थावर संपत्ति क्षेत्र-औद्योगिक क्षेत्र, जिसमें लघु और मध्यम दर्जे के उपक्रम शामिल हैं और संरचनात्मक क्षेत्र में निवेश के लिए [जैसे, पूंजी माल का आयात, (विदेश व्यापार नीति में डीजीएफटी द्वारा यथावर्गीकृत) नयी परियोजनाएं, मौजूदा उत्पादन इकाइयों का आधुनिकीकरण/विस्तार] की जा सकती है। संरचनात्मक क्षेत्र की परिभाषा इस प्रकार की गई है -</td></tr>
</table>

		(i) ऊर्जा, (ii) दूरसंचार, (iii) रेलवे, (iv) पुल समेत सड़क, (v) पोर्ट, (vi) औद्योगिक पार्क और (vii) शहरी ढांचे (जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं जलमल निकासी परियोजना);
	(ख)	विदेश स्थित संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में भारतीय प्रत्यक्ष निवेश के संबंध में वर्तमान दिशानिर्देशों के अधीन संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधारों का उपयोग किया जा सकता है।
	(ग)	बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय का उपयोग सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के शेयरों के सरकार के विनिवेश कार्यक्रम के तहत विनिवेश प्रक्रिया में शेयरों के प्रथम चरण में अधिग्रहण और जनता को अनिवार्य दूसरे चरण प्रस्ताव में किया जा सकता है।
	(घ)	सेवाओं के क्षेत्र जैसे कि होटल, हॉस्पिटल, तथा सॉफ्टवेयर कंपनियों में लगे कारपोरेट्स द्वारा पूजीगत माल का आयात
vi) अंतिम उपयोग अनुमत नहीं	(क)	पैरा I(आ)(i)(क) और पैरा I(आ)(i)(ख) के अंतर्गत पात्र बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के अतिरिक्त, किसी कंपनी को आगे उधार देने अथवा पूंजी बाजार में निवेश अथवा भारत की किसी कंपनी (उसके किसी हिस्से)के अधिग्रहण, जमीन-जायदाद , कार्यशील पूंजी, सामान्य कारपोरेट उद्देश्यों और वर्तमान रुपया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार के प्राप्यों के उपयोग की अनुमति नहीं है।
	(ख)	स्थावर संपदा के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार के प्राप्यों के उपयोग की अनुमति नहीं है।
	(ग)	कार्यशील पूंजी, सामान्य कारपोरेट उद्देश्यों और वर्तमान रुपया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार के प्राप्यों के उपयोग की अनुमति नहीं है।
(vii)) गारंटी	बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सामान्यता बाह्य वाणिज्यिक उधार से संबंधित गारंटी , आपात साखपत्र , वचन पत्र अथवा चुकौती आश्वासन पत्र जारी करने की अनुमति नहीं है । लघु और मध्यम दर्जे के उपक्रमों के मामले में बैंकों और वित्तीय संस्थाओं, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं द्वारा उधार से संबंधित गारंटी, आपात साखपत्र , वचन पत्र अथवा चुकौती आश्वासन पत्र प्रदान करने के आवेदन पर विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जाएगा। भारतीय वस्त्रोद्योग में क्षमता विस्तार और तकनीक उन्नयन को सहज बनाने की दृष्टि से वस्त्रोद्योग इकाई के आधुनिकीकरण अथवा विस्तार हेतु वस्त्र कंपनियों द्वारा बाह्य वाणिज्यिक उधार के संबंध में गारंटी , आपात साखपत्र , वचन पत्र अथवा चुकौती आश्वासन पत्र के निर्गम पर विवेकपूर्ण मानदडों के अधीन विचार किया जाएगा।	

(viii) ज़मानत	उधारदाता/ आपूर्तिकर्ता को दी जाने वाली ज़मानत का विकल्प उधारकर्ता को ही चुनना है। फिर भी, समुद्रपारीय उधारदाता के पक्ष में अचल परिसंपत्तियों और वित्तीय प्रतिभूतियों, जैसे शेयर पर प्रभार का सृजन समय-समय पर यथासंशोधित क्रमशः मई 3, 2000 की अधिसूचना सं. फेमा.21/आरबी-2000 के विनियम 8 और मई 3, 2000 की अधिसूचना सं. फेमा.20/आरबी-2000 के विनियम 3 के अधीन है।
(ix) बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय को विदेशों में रखना	बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय को भारत में वास्तविक आवश्यकता न होने तक विदेश में रखा जाएगा। विदेश में रखे गए बाह्य वाणिज्यिक उधार प्राप्तियों का निम्नलिखित चल परिसंपत्तियों में निवेश किया जा सकता है (क) स्टैंडर्ड एण्ड पुअर/ फिट्स आइबीसीए द्वारा AA(-) अथवा मूडीज़ द्वारा Aa3 न्यूनतम रेटेड, बैंक द्वारा प्रस्तावित जमाओं अथवा जमा प्रमाणपत्रों अथवा अन्य लिखत; (ख) भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी की समुद्रपारीय शाखा के पास जमा; और (ग) उपर्युक्त के अनुसार न्यूनतम रेटिंगवाले एक वर्ष की परिपक्वता अवधिवाले खज़ाना बिल और मौद्रिक लिखत। निधियों का इस तरह निवेश किया जाए कि आवश्यकता पड़ने पर भारत में उधारकर्ता की आवश्यकता पर उसका परिसमापन किया जा सके।
(x) समयपूर्व भुगतान	(क) प्राधिकृत व्यापारी 500 मिलियन अमरीकी डॉलर तक बाह्य वाणिज्यिक उधार के समयपूर्व भुगतान की अनुमति भारतीय रिज़र्व बैंक के बगैर पूर्वानुमोदन के दे सकते हैं बशर्ते ऋण पर लागू न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि का अनुपालन किया जाता है।
	(ख) रिजर्व बैंक अनुमोदन मार्ग के तहत 500 मिलियन अमरीकी डालर के बाह्य वाणिज्यिक उधार के समयपूर्व भुगतान पर विचार करेगा।
(xi)मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण	कम लागत पर नया ऋण उगाह कर मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार के पुनर्वित्त पोषण की अनुमति है बशर्ते नया बाह्य वाणिज्यिक उधार निम्न समग्र लागत पर उगाहा जाता है और मूल बाह्य वाणिज्यिक उधार की शेष परिपक्वता अवधि को बनाए रखा जाता है।
(xii)ऋण चुकौती	सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशानिदेशों के अनुसार नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक को मूल धन /ब्याज तथा अन्य प्रभारों की किस्तें भेजने की सामान्य अनुमति है।
(xiii)प्रक्रिया	आवदेक आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ फार्म ईसीबी में नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक के माध्यम से प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक, विदेशी मुद्रा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रभाग, मुंबई 400 001 को आवदेनपत्र प्रस्तुत करें।
(xiv)अधिकार प्रदत्त समिति	अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत आनेवाले प्रस्तावों पर विचार करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक अधिकार प्रदत्त समिति गठित की गयी है।

खंड II : रिपोर्ट करने की व्यवस्था और जानकारी का प्रसार		
(i) रिपोर्ट करने की व्यवस्था	(क)	प्रकिया को सरल बनाने के विचार से ऋण करार की प्रतिलिपि की प्रस्तुत करना बंद कर दिया गया है।
	(ख)	ऋण पंजीयन संख्या के आबंटन के लिए उधारकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे कंपनी सचिव अथवा सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित फार्म 83 की दो प्रतियां नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक को प्रस्तुत करें। एक प्रति नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक द्वारा निदेशक, भुगतान संतुलन सांख्यकीय प्रभाग, सांख्यकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, मुंबई 400 051 को भेजी जाए। [नोट:ऋण करार, एफसीसीबी के लिए प्रस्ताव दस्तावेज को फार्म 83 के साथ प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।]
	(ग)	उधारकर्ता सांख्यकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण पंजीकरण क्रमांक प्राप्त करने के बाद ही ऋण में आहरण द्वारा कमी कर सकते हैं।
	(घ)	उधारकर्ता ईसीबी-2 विवरणी नामित प्राधिकृत व्यापारी द्वारा प्रमाणित कराकें मासिक आधार पर इस प्रकार भेजें कि वह सांख्यकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक को संबंधित माह की समाप्ति से सात कार्य-दिवसों के भीतर मिल जाए।
	[नोट : बाह्य वाणिज्यिक उधार अर्थात् ईसीबी 3-ईसीबी 6 से संबंधित सभी अन्य विवरणियां 31 जनवरी 2004 से बंद कर दी गई हैं।]	
(ii) जानकारी का प्रसार	अधिक पारदर्शिता के लिए स्वत: अनुमोदित मार्ग और अनुमोदन मार्ग दोनों के तहत बाह्य वाणिज्यिक उधार उधारकर्ता का नाम, राशि, का प्रयोजन और उसकी परिपक्वता अवधि के संबंध में जानकारी एक माह, जिससे यह संबंधित है , के अंतराल मासिक आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक की वेब-साइट पर डाली जाती है।	

III. संरचित दायित्व	घरेलू रूप से संसाधन उगाहने और हेज विनिमय दर जोखिमों से बचाव के लिए कंपनियों को मजबूत बनाने के उद्देय से घरेलू रुपया मूल्यवर्गित संरचित दायित्वों को अंतरराष्ट्रीय बैंकों/अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं/ संयुक्त उद्यम साझीदारों द्वारा ऋण में बढ़ोत्तरी किए जाने की अनुमति है। ऐसे आवेदनों पर अनुमोदन मार्ग के तहत विचार किया जाएगा।	
IV. बाह्य वाणिज्यिक उधार के दिशा-निदेशों का अनुपालन	बाह्यय वाणिज्यिक उधार मार्गदर्शी सिद्धांतों और रिज़र्व बैंक के विनियमों/ निदेशों के अनुरूप उधार उगाहे/ उपयोग किए गए, यह सुनिश्चित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित उधारकर्ता की है तथा बाह्य वाणिज्यिक उधार के मार्गदर्शी सिद्धांतों के संबंधित किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा तथा फेमा, 1999 (फरवरी 1, 2005 के (ए.पी.डीआइआर सिरीज़) परिपत्र सं.31) के तहत आर्थिक दण्ड लगाया जाएगा। नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक से भी यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है कि प्रमाणीकरण के समय बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही/उपयोग के बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशा-निदेशों के अनुरूप है।	
V. बाह्य वाणिज्यिक उधार का ईक्विटी में परिवर्तन	(i) निम्नलिखित शर्तों के अधीन बाह्य वाणिज्यिक उधार के ईक्विटी में परिवर्तन की अनुमति दी जाती है -	
	(क)	कंपनी के कार्यकलापों को विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए अनुमोदन मार्ग के तहत कवर किया जाता है अथवा विदेशी ईक्विटी सहभागिता के लिए कंपनी ने सरकारी अनुमोदन के लिए अनुमति ली है।
	(ख)	ऋण के ईक्विटी में ऐसे परिवर्तन के बाद विदेशी ईक्विटी धारिता यदि कोई हो, के क्षेत्रीय सीमा के अंदर है।
	(ग)	सूचीबद्ध/ असूचीबद्ध कंपनियों, जैसा मामला हो, के संबंध में शेयरों का मूल्यांकन सेबी और पूर्ववर्ती सीसीआई के दिशा-निदेशों/ विनियमों के अनुसार है।
	(ii) बाह्य वाणिज्यिक उधार के परिवर्तन की सूचना निम्नानुसार रिज़र्व बैंक को दी जाएगी :	
	(क)	उधारकर्ताओं से यह अपेक्षा है कि वे बकाया बाह्य वाणिज्यिक उधार के ईक्विटी में पूर्णत: परिवर्तन की रिपोर्ट रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को फार्म एफसी-जीपीआर में साथ ही फार्म ईसीबी-2 में सांख्यिकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग को संबंधित माह की समाप्ति से 7 दिनों के अंदर दें। शब्द " ईक्विटी में पूर्णत: परिवर्तित बाह्य वाणिज्यिक उधार" फार्म ईसीबी-2 के ऊपर साफ-साफ लिखा जाए। एक बार रिपोर्ट किए जाने के बाद, अनुवर्ती माह में ईसीबी-2 जमा करने की जरूरत नहीं है।

	(ख)	बकाया बाह्य वाणिज्यिक उधार के ईक्विटी में आंशिक परिवर्तन के मामले में उधारकर्ताओं से अपेक्षा है कि वे फार्म एफसी-जीपीआर में परिवर्तित भाग की सूचना संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को दें साथ ही अपरिवर्तित हिस्से से परिवर्तित हिस्से को अलग करते हुए स्पष्ट रूप से फार्म ईसीबी-2 में दें। शब्द "ईक्विटी में आंशिक परिवर्तित बाह्य वाणिज्यिक उधार" ईसीबी-2 फार्म के ऊपर लिखा जाए। बाद के महीनों में बाह्य वाणिज्यिक उधार के बकाया भाग की रिपोर्ट सांख्यिकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग को ईसीबी-2 फार्म में दी जाए।
VI. बाह्य वाणिज्यिक उधार में को पारदर्शिता लाना	रुपये में भारत में कंपनियों द्वारा उगाही गई बाह्य वाणिज्यिक उधार के लिए दी गई गारंटियों में से उत्पन्न अपनी विदेशी मुद्रा देयता को पारदर्शी बनाने के इच्छुक प्राधिकृत व्यापारी बैंक, मुख्य महाप्रबंधक, विदेशी मुद्रा विभाग, बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई को पूर्ण ब्योरे अर्थात् उधारकर्ता का नाम, उगाही गई राशि, परिपक्वता अवधि, गारंटी/ चुकौती का आश्वासन देनेवाले पत्र की परिस्थितियां, छूट की तारीख, संबंधित प्राधिकृत व्यापारी बैंक की समुद्रपारीय शाखा की देयताओं पर उसका प्रभाव और अन्य संबंधित तथ्य देते हुए प्रस्तुत करें।	
VII. पूर्ववर्ती 5 मिलियन अमरीकी डॉलर योजना के तहत बाह्य वाणिज्यिक उधार	नामित प्राधिकृत व्यापारी को पूर्ववर्ती 5 मिलियन अमरीकी डॉलर के तहत उगाहे गए ऋणां के लिए चुकौती अवधि के विस्तार को अनुमोदित करने की अनुमति है बशर्ते बगैर किसी अतिरिक्त लागत के ऐसे पुन: निर्धारण के लिए समुद्रपारीय उधारदाताओं से सहमति पत्र प्राप्त किया जाता है। मूल/ ऋण पंजीकरण संख्या के साथ वर्तमान और संशोधित चुकौती सूची के साथ ऐसे अनुमोदन की सूचना मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, विदेशी मुद्रा विभाग, केन्द्रीय कार्यालय, बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रभाग, मुंबई को अनुमोदन के 7 दिनों के अंदर और इसके बाद ईसीबी-2 में दी जाए।	

भाग - II	
भारत में आयात के लिए व्यापारिक ऋण	''व्यापार ऋण'' का आशय तीन वर्ष से कम की परिपक्वता अवधि के लिए विदेशी आपूर्तिकर्ता, बैंक और वित्तीय संस्थाओं द्वारा आयात के लिए सीधे ही दिए गए ऋण से है। वित्त के स्रोत के आधार पर, ऐसे व्यापारिक ऋण में आपूर्तिकर्ता का ऋण अथवा क्रेता का ऋण शामिल है। आपूर्तिकर्ता ऋण का संबंध समुद्रपारीय आपूर्तिकर्ता द्वारा भारत में आयात किए जाने के लिए दिया जाने वाला ऋण - है,जबकि क्रेता ऋण भारत में आयात के लिए किए जाने वाले भुगतान हेतु आयातक द्वारा भारत से बार किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था से तीन वर्ष से कम की परिपक्वता वाले ऋण की व्यवस्था करना है। यह ध्यान रखा जाए कि तीन वर्ष और उससे अधिक अवधि के क्रेता ऋण और आपूर्तिकर्ता ऋण, बाह्य वाणिज्यिक उधार श्रेणी के अंतर्गत आते हैं जो बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशानिर्देश द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं।
(क) राशि और परिपक्वता अवधि	प्राधिकृत व्यापारी बैंक डीजीएफटी की विदेश व्यापार नीति के अधीन अनुमत आयात के लिए 20 मिलियन अमरीकी डॉलर प्रति आयात लेनदेन के भारत में आयात के लिए एक वर्ष तक की परिपक्वता अवधिवाले (पोतलदान की तारीख से)व्यापारिक उधार को अनुमोदित कर सकते हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा यथावर्गीकृत पूंजी माल आयात के लिए प्राधिकृत व्यापारी बैंक प्रति आयात लेनदेन 20 मिलियन अमरीकी डालर तक के लिए एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम परिवक्वतावाले व्यापार ऋण अनुमोदित कर सकते - हैं। अनुमत अवधि से अधिक के लिए किसी भी प्रकार के स्वत: समय विस्तार / विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्राधिकृत व्यापारी बैंक 20 मिलियन अमरीकी डॉलर प्रति आयात लेनदेन से अधिक के व्यापारिक ऋण का अनुमोदन नहीं करेंगे।

ख) समग्र लागत सीमा	**वर्तमान समग्र लागत सीमा निम्नानुसार हैं:**

परिपक्वता अवधि	छ : माह तक के लाइबोर* से ऊपर समग्र लागत सीमा
एक वर्ष तक	**75 आधार अंक**
एक वर्ष से अधिक लेकिन तीन वर्ष से कम	**125 आधार अंक**

*** ऋण की अपनी-अपनी मुद्रा अथवा लागू बेंचमार्क के लिए**

समग्र लागत सीमा में व्यवस्थापक शुल्क, अपफ्रंट शुल्क, प्रबंधन शुल्क, लदाई-उतराई/प्रॉसेसिंग प्रभार, फुटकर और कानूनी खर्च, यदि कोइ हो, शामिल होंगे।

ग) गारंटी	**प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को विदेश व्यापार नीति के अंतर्गत अनुमत सभी गैर-पूंजीगत आयातों (स्वर्ण को छोड़कर) हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए और पूंजीगत माल की आयात हेतु तीन वर्ष की अवधि के लिए समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विवेकपूर्ण दिशा-निर्देशों के अधीन प्रति लेनदेन 20 मिलियन अमरीकी डॉलर तक के लिए समुद्रपारीय आपूर्तिकर्ता, बैंक और वित्तीय संस्थाओं के पक्ष में गारंटियां / वचनपत्र / साखपत्र जारी करने की अनुमति है। ऐसे गारंटियों/ वचनपत्रों/ साखपत्रों की अवधि ऋण अवधि के अनुकूल हो और उसकी गणना पोत पर माल लदान की तारीख से की जाए।**
